# अभ्यास # 1

## A. एक विकल्पी प्रकार के प्रश्न

**Q.1** शैवाल होते है –
(A) स्वपोषी (B) विषमपोषी
(C) दोनों (D) कोई नहीं

**Q.2** क्लेमाइडोमोनास किसका उदाहरण है -
(A) शैवाल (B) कवक
(C) लाइकेन (D) कोई नहीं

**Q.3** कौनसा वर्ग पादप जगत का उभयचर कहलाता है -
(A) थैलोफायटा (B) ब्रायोफायटा
(C) टेरिडोफायटा (D) जिम्नोस्पर्म

**Q.4** टेरिडोफायटा का उदाहरण है -
(A) सिलेजिनेला (B) सायकस
(C) पाइनस (D) कोई नहीं

**Q.5** निडोब्लास्ट किसका लाक्षणिक गुण है -
(A) सिलेन्ट्रेटा (B) पोरीफेरा
(C) प्रोटोजोआ (D) आर्थोपोडा

**Q.6** पेलीमोन (झींगा) किसका उदाहरण है -
(A) आर्थोपोडा (B) ऐनेलिडा
(C) सिलेन्ट्रेटा (D) प्रोटोजोआ

**Q.7** चार वेश्मीय हृदय किसमें मिलता है -
(A) ड्रेको (B) हेमिडेक्टाइल्स
(C) कछुआ तथा समुद्री कछुआ (D) रोकोडाइल

**Q.8** मोलस्का में श्वसन अंग कहलाते है -
(A) टिनीडिया (B) फुफ्फुस
(C) पुस्तक-फुफ्फुस (D) उपरोक्त सभी

**Q.9** इकाईनोडर्मेटा में लार्वा अवस्था में कौनसी सममिति पायी जाती है -
(A) अरीय (B) द्विअरीय
(C) द्विपार्श्वी (D) इनमें से कोई नहीं

**Q.10** व्हीटेकर अपने वर्गीकरण में निम्न में से किस एक को कोई स्थान देने में असफल रहा -
(A) सायनोबेक्टिरिया (B) विषाणु
(C) स्लाईम मोल्ड (D) उपरोक्त सभी

**Q.11** पेरोजोआ सम्मिलित है -
(A) प्रोटोजोआ में
(B) पोरीफेरा में
(C) अकशेरूकियों के परजीवी (मोसोजोआ) में
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Q.12** विषाणु आवश्यक रूप से किसमें बने होते है -
(A) प्रोटीन और न्यूक्लिक अम्ल
(B) प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट
(C) लिपिड और न्यूक्लिक अम्ल
(D) स्टार्च, प्रोटीन तथा लिपिड

**Q.13** प्रोकेरियोटिक को किस समूह में सम्मिलित किया गया है -
(A) मोनेरा (B) बेसिडीयोमाइसिटीज
(C) ब्रायोफायटा (D) ट्रेकीयोफायटा

**Q.14** वर्गीकरण का चार जगत तंत्र किसने दिया है -
(A) कॉपलैण्ड (B) व्हीटेकर
(C) लिनियस (D) वॉन मोल

**Q.15** पादपों का कौनसा समूह "पादप जगत का उभयचर" कहलाता है -
(A) ब्रायोफायटा (B) अनावृत्तबीजी
(C) शैवाल (D) कवक

**Q.16** निम्न में से किस जीव में जन्तु तथा पादप दोनों के लक्षण होते है -
(A) नीन-हरित शैवाल (B) युग्लिना
(C) मॉस (D) सायकस

**Q.17** संवहन पूल किसमें पाये जाते है -

(A) थैलोफायटा (B) ब्रायोफायटा

(C) टेरिडोफायटा (D) लाइकेन

**Q.18** जीवविज्ञान की वह शाखा जो जीवों की पहचान, नामकरण तथा वर्गीकरण से सम्बंधित है, कहलाती है -

(A) आकारिकी (B) पारिस्थितिकी

(C) वर्गीकी (D) पादप भौगोलिकी

**Q.19** द्विपद नामकरण किसके द्वारा दिया गया -

(A) जोन रे (B) ए. पी. डी केण्डोले

(C) ए. एल. डी जसियन (D) केरोलस लिनियस

**Q.20** गुप्त प्रजनन अंगों वाले पादप सम्मिलित है -

(A) अनावृत्तबीजी में (B) आवृत्तबीजी में

(C) फैनेरागेन्स में (D) क्रिप्टोगेम्स में

**Q.21** वर्गीकरण की मूल इकाई है -

(A) कुल (B) वंश

(C) जाति (D) गण

**Q.22** निम्न में से कौनसे जगत में अनेक प्रकार के एक कोशकीय यूकेरियोटिक जीव सम्मिलित है ?

(A) मोनेरा (B) प्रोटिस्टा

(C) कवक (D) एनिमेलिया

**Q.23** व्हेल किस वर्ग से सम्बन्धित है -

(A) पीसीज (B) एम्फिबिया

(C) रेप्टिलिया (D) मेमेलिया

**Q.24** जन्तुओं का कौनसा समूह 'चपटे कृमि' कहलाता है ?

(A) पोरीफेरा (B) सिलेन्ट्रेटा

(C) प्लेटी हेल्मिन्थीज (D) निमेटोडा

**Q.25** किसकी त्वचा में श्वेद तथा तेल ग्रन्थियाँ उपस्थित होती है -

(A) एम्फिबियन्स (B) रेप्टाइल्स

(C) एवीज (D) मेमल्स

## B. बहुविकल्पी प्रकार के प्रश्न

**Q.26** आप एक पादप की पहचान कर रहे हो, जिसमें बीज तो होते है किन्तु फल नहीं। यह किससे सम्बंधित हो सकता है -

(A) टेरिडोफायटा (B) अनावृत्तबीजी

(C) ब्रायोफायटा (D) आवृतबीजी

**Q.27** बीज किसमें नग्न होते है -

(A) अनावृत्तबीजी (B) आवृत्तबीजी

(C) (A) व (B) दोनों (D) एक बीजपत्री

**Q.28** दो वेश्मीय हृदय किसमें पाया जाता है -

(A) मगरमच्छ (B) मछली

(C) ऐवीज (D) एम्फीबीयन्स

**Q.29** किसमें पूर्ण कंकाल उपास्थि का बना होता है -

(A) शार्क (B) ट्यूना

(C) रोहू (D) इनमें से कोई नहीं

**Q.30** निम्न में से कौनसा एक ऐनेलीड नहीं है -

(A) नेरीज (B) केंचुआ

(C) लीच (D) आर्चिन

# अभ्यास # 2

## A. अतिलघुत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.1** पादपों के उस समूह का नाम लिखो जो बीज उत्पन्न करते है, किन्तु फल नहीं।

**Q.2** कोई दो लिवरवर्ट के नाम लिखो।

**Q.3** जगत प्रोटिस्टा के तीन मुख्य समूहों के नाम लिखो।

**Q.4** किस जन्तु संघ में शरीर गुहा पहली बार प्रकट हुई ?

**Q.5** किस संरचना के बाद संघ इकाइनोडर्मेटा का नाम रखा गया ?

**Q.6** वर्गीकरण की मूल ईकाई क्या है ?

**Q.7** उच्च वर्गीकी समूह का नाम दीजिए।

**Q.8** प्रोकेरियोट्स के परिभाषित करो।

**Q.9** कौनसा प्रकार 'पादप जगत के उभयचर' के रूप में जाना जाता है ?

**Q.10** प्रजनन अंगों के नाम लिखिए।
(i) अनावृत्तबीजी (ii) आवृतबीजी

**Q.11** कम से कम दो एकबीजपत्री तथा दो द्विबीजपत्री पादपों के नाम लिखो।

**Q.12** संवहनी क्रिप्टोगेम्स के समूह का नाम लिखो।

**Q.13** किस संघ में खण्डित कृमि सम्मिलित है ?

**Q.14** द्विपदनाम नामकरण किसने प्रतिपादित किया ?

**Q.15** चार वेश्मीय हृदय वाले समतापी जन्तुओं के दो समूहों के नाम लिखो।

## B. लघुत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.16** ब्रायोफाइट्स क्या है ?

**Q.17** विषाणुओं के महत्वपूर्ण लक्षण लिखो ?

**Q.18** लाइकेन क्या है ?

**Q.19** द्विबीजपत्री तथा एक बीजपत्री पादपों के मध्य विभेद करो ?

**Q.20** उप संघ कोर्डेटा क्या है ? उदाहरण दीजिए।


## C. निबन्धात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.21** कशेरूकियों के सामान्य लक्षण दीजिये तथा इसके अर्न्तगत आने वाले वर्गो के विभेदित लक्षणों की सूची बनाईये।

**Q.22** संघ कोर्डेटा के विभेदात्मक लक्षणों की सूची बनाओं ? इसके वर्गो को सम्मिलित करते हुऐ, प्रत्येक के एक उदाहरण दीजिए।

## D. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो

**Q.23** दिये गये चित्र में पादप समूहों के उपयुक्त लक्षणों वाले खानों को भरो।



## E. स्तम्भ मिलान

**Q.24** स्तम्भ (A) के एकक को स्तम्भ (B) के एकक के साथ मिलान करो -

| | **(A)** | | **(B)** |
|---|---|---|---|
| (a) | नग्न बीज | (A) | आवृत्तबीजी |
| (b) | आवरित बीज | (B) | अनावृत्तबीजी |
| (c) | कशाभ | (C) | ब्रायोफाइट्स |
| (d) | मार्केन्शिया | (D) | यूग्लिना |
| (e) | मार्सिलिया | (E) | थैलोफायटा |
| (f) | क्लेडोफोरा | (F) | टेरिडोफायटा |
| (g) | पेनिसिलियम | (G) | कवक |

## F. निम्न के उदाहरण दीजिए

**Q.25** निम्न के उदाहरण दो :

(a) द्विपार्श्व, पृष्ठाधारी सममिती पायी जाती है …….

(b) हाथी पांव रोग उत्पन्न करने वाला कृमि ……….

(c) खुला परिसंचरण तंत्र …… पाया जाता है। जिसमें प्रगुही गुहा रक्त से भरी होती है।

(d) ……. को आभासी प्रगुही के रूप जाना जाता है